कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.01.2025

विषयः- यू0पी0 सी0सी0एस0सी0आर0 परीक्षा (2024-25) के दौरान फर्जीवाड़ा करने के मामले मे 02 अभियुक्त थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

कमिश्नरेट वाराणसी में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक-05.01.2025 को एन0टी0ए0 द्वारा आयोजित यू0पी0 सी0सी0एस0सी0आर0 (2024-25) परीक्षा के दौरान वरुणा ज़ोन के थाना रोहनिया अन्तर्गत स्थित परीक्षा केंद्र क्रिमसन वर्ल्ड स्कूल वाराणसी के कक्ष संख्या-18 में परीक्षार्थी अंजनी प्रताप (अनुक्रमांक-4112110409) के स्थान पर फर्जी परीक्षार्थी/अभियुक्त विनीत कश्यप के द्वारा परीक्षा देते समय बायोमैट्रिक मिलान न होने पर पकड़े जाने व अज्ञात व्यक्ति द्वारा परीक्षार्थी/अभियुक्त मंजीत पटेल के स्थान पर परीक्षा देकर चले जाने के सम्बन्ध में श्रीमती अंजना देवा प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष क्रिमसन वर्ल्ड स्कूल खुशीपुर भदवर रोहनिया वाराणसी की तहरीर के आधार पर थाना रोहनिया में मु0अ0सं0-0007/2024 धारा 319(2)/318(4) बी0एन0एस0 व 6/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधि0 पंजीकृत कर, दिनांक-05.01.2025 को उपरोक्त दोनों अभियुक्तगण 01-विनीत कश्यप व 02- मंजीत पटेल को गिरफ्तार कर, अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त विनीत कश्यप ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह अंजनी प्रताप के स्थान पर परीक्षा दे रहा है और उसका अन्य साथी बाहर उसकी प्रतीक्षा कर रहा है जिसका नाम मंजीत पटेल है। अभियुक्त मंजीत पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि उसके स्थान पर एक दूसरा अभ्यर्थी परीक्षा देकर जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. विनीत कश्यप पुत्र शैलेन्द्र कुमार मन्डल निवासी ग्राम तिलकारी थाना टेटिया बम्बर जिला मुंगेर बिहार, उम्र करीब 28 वर्ष।
2. मंजीत पटेल पुत्र भैया राम पटेल निवासी ग्राम सरांय गोपाल भदरी थाना सोरांव जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 32 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- क्रिमसन वर्ल्ड स्कूल वाराणसी थाना रोहनिया वाराणसी से, दिनांक-05.01.2025 को समय करीब 19.40 बजे।

बरामदगी का विवरण- 02 अदद प्रवेश पत्र की छाया प्रति व 01 अदद पैन कार्ड मूल।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 राजदर्पण तिवारी थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 ऋतुराज मिश्रा थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0का0 संजय चौहान थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

4- का0 रवि प्रताप मौर्या थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।